वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 33 मंगलवार 28 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में गर्मी ने 7 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**46.4 डिग्री पहुंचा पारा; सरकारी ऑफिसों की बिजली कटी, लिफ्ट में अटके कर्मचारी**

**तेज गर्मी के कारण सोमवार को जयपुर में टूरिस्ट सिर पर कपड़ा बांधकर और छाते के सहारे घूमते दिखे। गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए हवामहल में टूरिस्ट के लिए एसी रूम बनाया गया, जिसका तबीयत खराब होने पर इस्तेमाल किया जा सकता है। दिन में हवामहल के फव्वारे भी शुरू कर दिए गए।**

जयपुर. कासं

जयपुर में सोमवार का तापमान 46.4 डिग्री रहा, जो रविवार से 0.8 डिग्री ज्यादा रहा। जयपुर में पिछले 7 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। वहीं, पिछले 10 साल में दूसरी बार तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ है। तेज गर्मी के कारण सोमवार को जयपुर में टूरिस्ट सिर पर कपड़ा बांधकर और छाते के सहारे घूमते दिखे। गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए हवामहल में टूरिस्ट के लिए एसी रूम बनाया गया, जिसका तबीयत खराब होने पर इस्तेमाल किया जा सकता है। दिन में हवामहल के फव्वारे भी शुरू कर दिए गए।

## एसी-कूलर की कमी हुई

वहीं, जयपुर के बाजार में एसी, कूलर और फ्रिज की कमी भी होने लगी है। जयपुर में इलेक्ट्रोनिक्स के बड़े मार्केट जयंती बाजार के व्यापारियों ने बताया- 26 मार्च 2024 से जयपुर में गर्मी तेज होने लगी थी। राजस्थान में तापमान 50 डिग्री तक पहुंच गया है। इसकी वजह से कूलिंग प्रोडक्ट जैसे एसी, फ्रिज की बाजार में कमी चल रही है। आने वाले 10 दिन में भी कंपनियों के पास प्रोडक्शन करने की गुंजाइश नहीं है। उनके पास पार्ट नहीं है। शिपिंग में वक्त लग रहा है। डिलीवरी में वक्त लग रहा है। एसी घर जाने के बाद तीन दिन तक इंस्टॉल नहीं हो रहा है।

## जानवर भी गर्मी से परेशान

जानवर भी गर्मी से परेशान हैं,इसके लिए नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में जानवरों के लिए कूलर लगाए गए हैं। आइसक्रीम और फल खिलाए जा रहे हैं। भालू, बाघ को गर्मी से राहत देने के लिए कूलर भी लगाए गए हैं। साथ ही पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जयपुर में जगह-जगह परिंडे बांधे गए हैं। हाथियों को बार-बार नहलाया जा रहा है। गलता मंदिर के पास बंदर भी टंकी में भरे पानी से नहाते दिखाई दिए।



**गर्मी से परेशान होने पर भी गुलाबी नगरी को निहारने पहुंच रहे पर्यटक**

## जयपुर के सरकारी ऑफिसों की बिजली कटी, लिफ्ट में अटके लोग

जयपुर में सोमवार को सरकारी विभागों की बिजली गुल हो गई। सचिवालय, स्वास्थ्य भवन, विधानसभा, कर भवन सहित सी स्कीम क्षेत्र में बिजली चली गई। इस दौरान स्वास्थ्य भवन में लिफ्ट अटक गई। लिफ्ट में विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। जिन्हें कुछ देर बाद बाहर निकाला गया। बिजली विभाग का कहना है कि एसएमएस स्टेडियम में लगे 132 केवी जीएसएस के ट्रिप होने से बिजली चली गई थी। इसे सही कर लिया गया है। जयपुर के एक व्यापारी ने बताया- पिछले साल 2023 में होली के बाद राजस्थान में रुक-रुककर बारिश होती रही थी। इससे हमें काफी नुकसान हुआ था। अब 26 मार्च 2024 से जयपुर में गर्मी तेज होने लगी थी। राजस्थान में तापमान 50 डिग्री तक पहुंच गया है। इसकी वजह से



कूलिंग प्रोडक्ट जैसे एसी, फ्रिज की बाजार में कमी चल रही है। आने वाले 10 दिन में भी कंपनियों के पास प्रोडक्शन करने की गुंजाइश नहीं है। हवामहल अधीक्षक सरोजनी चंचलानी ने बताया- हवामहल में टूरिस्ट के लिए दो वाटर कूलर लगाए गए हैं। रोज पानी के कैंपर भी रखे गए हैं। फर्स्ट एड की व्यवस्था भी की गई है। पर्यटकों के लिए बैठने के लिए कुर्सियां भी लगाई गई है। एक एसी रूम भी बनाया गया है। पर्यटकों की ज्यादा तबीयत खराब होने पर इस रूम में बैठाया जाता है। गौरतलब है कि जयपुर में रविवार को 45.6 डिग्री तापमान के साथ सीजन का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। जयपुर में इस सीजन तीसरी बार पारा 45 डिग्री के पास के पार हुआ है। इससे पहले 19 मई को शहर का अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री दर्ज किया गया था और 22 मई को 45.4 डिग्री दर्ज किया गया।

# राजकीय चिकित्सालय में नवजात को बेबी किट वितरण

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** सबकी सेवा सबको प्यार जीवो और जीने दो क उद्देश्य वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा द्वारा स्वस्थ जच्चा स्वस्थ बच्चा की भावना से प्रचन्ड गर्मी मे राहत व संक्रमण बचाव के लिए नवजात शिशीओ को 51 हाईजेनिक मेडिकेटेड बेबी किट डाक्टर कल्पना गुप्ता डाक्टर हरेन्द्र नेत्रा डाक्टर पिकी चोधरी के सानिध्य मे संस्था अध्यक्ष सरोज पाटनी कोषाध्यक्ष मजू बडजात्या कुसम छाबड़ा वीर रामावतार गोयल वीर अजित पहाड़िया वीर सम्पत बगडीया वीर नरेशकुमार जैन महेश लढा ने वितरण मे सहयोग किया। चिकित्सालय के चिकित्सको ने संस्था के समय-समय सेवा कार्यों के प्रति घन्यवाद कर साधुवाद किया।संस्था की प्ररेणा से प्रचन्ड गर्मी मे जीवदया सेवा के तहत शाकम्भरी माताजी रोड पर पक्षियों के लिए दिनेश कुमार खोखरीया के सहयोग 8 परिन्डे लगाए गए।




# प्यासे पक्षियों को पानी पिलाएं, आओ इस आदत को संस्कार बनाएं...




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 26 मई 2024 को जयपुर में ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन व वृंदा गार्डन सोसायटी, जगतपुरा के संयुक्त तत्वाधान मे परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि इस अवसर पर समाज सेविका मनीषा जैन सहित वृन्देश्वर महादेव मंदिर समिति के संयोजक तरुण मीणा, नितिन सक्सेना, मनीष भाटिया, नीलम जैन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नियमित रूप से परिन्डो में पानी डालने व साफ सफाई की देखभाल का संकल्प लिया।

# ग्रैंड मां व ग्रांड पा pageant का आयोजन 1जून को




**जयपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट तथा अक्स फाउंडेशन के तत्वावधान में शाल्बी हॉस्पिटल के सौजन्य से दिनांक 1 जून 2024 , सांय 6 बजे से रॉयल ऑर्किड होटल दुर्गापुरा जयपुर में ग्रैंड मां व ग्रांड पा pageant का आयोजन किया जा रहा है । इसमें 55 साल की उम्र के दादा-दादी, नाना नानी भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹500 का है, लास्ट डेट 30 मई है , 2 दिन पहले ग्रूमिंग भी की जाएगी और इसमें कई तरह के अवार्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश बड़जात्या , अध्यक्ष दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर व निर्मल सांघी , महासचिव दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर विशिष्ठ अतिथि रहेंगे। सम्पर्क सूत्र 8114417253 बसंत जैन अध्यक्ष , स्वग्रही माओ सचिव 9413649845 दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट। समारोह में प्रवेश आमंत्रण पत्र के द्वारा हो सकेगा।

# गुरु उपकार महोत्सव के ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया में गुरु उपकार महोत्सव के ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ दिनांक 27 मई को झडा रोहण जम्बू कुमार मनीष मोनिका शाश्वत राँवका परिवार ने किया। झडा रोहण में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के तत्वावधान में देश भर में आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के उत्कृष्ट साधना के लिए समर्पित गुरु उपकार महोत्सव शिविर अरुण कुमार शास्त्री, अंकित शास्त्री राहतगढ़ वाले, रूपाश शास्त्री भगवा वाले, घनश्याम शास्त्री के सानिंध्य में प्रारभ हुआ। मूक माटी स्वाध्याय भवन का लोकार्पण वीर कुमार कमल कुमार सन्मति राँवका परिवार द्वारा किया गया। आचार्य श्री का फोटो का अनावरण खेमराज अभिजीत बाकलीवाल परिवार व दीप प्रज्वलित सुमन कुमार अनुपम धगड़ा परिवार द्वारा मूक माटी ग्रंथराज का लोकार्पण रूपचंद राजेश दिनेश नरेश काटीवाल परिवार द्वारा किया गया।



प्रश्नोत्तरी के पुरस्कार श्रीमति अनिता साक्षी हर्षिता द्वारा दिये गए। प्रभावना के प्रायोजक अशोक उज्वल पुष्प काला परिवार व शशिकांत राहुल आशीष थे। इस कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला सचिव दिनेश अजमेरा विजय फागीवाला विकल जैन कासलीवाल अमित गोधा शाशि कांत गदिया अतुल पाटनी सुनील राँवका लादूलाल कांटीवाल अंकित राँवका कमल राँवका कल्पेश जैन रमेश जैन अशोक बाकलीवाल, राजेन्द्र गोधा उदित बाकलीवाल श्रीपाल अजमेरा अरुण शास्त्री अनिल बाकलीवाल टीकम छाबड़ा शरद फागी वाला पदम अजमेरा सुशील बड़जात्या सहित सकल दिगम्बर जैन समाज के महिला व पुरुष उपस्थित थे।







# सम्यक ग्रुप का हुआ भव्य शपथ ग्रहण समारोह, स्वास्थ्य परिचर्चा का भी हुआ आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सम्यक जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन होटल फर्न टोंक रोड पर आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात नारायणा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। उज्जैन से पधारे दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष देवेंद्र कांसल के द्वारा नव गठित कार्यकारिणी की शपथ विधि सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय परामर्शक अनिल जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पंड्या, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला, रीजन अध्यक्ष राजेश - सीमा बड़जात्या, रीजन महासचिव निर्मल सरला संघी, रीजन कार्याध्यक्ष सुनील - सुमन बज, सन्मति ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश -समता गोदिका, वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन, विराट ग्रुप अध्यक्ष बसंत जैन, गुलाबी नगर ग्रुप की अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या, धर्म जागृति संस्थान के अध्यक्ष एवं जनकपुरी मंदिर प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष पदम बिलाला, कोषाध्यक्ष सौभाग अजमेरा, कमलेश जैन, राकेश जैन, नवीन जैन, मनीष जैन, जिनेन्द्र जैन, सुनील जैन, गौरव जैन, दीपेंद्र जैन, संगिनी फॉरएवर ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका, महिला मण्डल सचिव अनिता बिंदायका, पार्श्वनाथ ग्रुप उपाध्यक्ष सुभाष-शीला पाटनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। तीन नये सदस्यों धन कुमार-अंजना, धर्मेंद्र-मंजू एवं चमत्कार जैन के द्वारा ग्रुप की सदस्यता ग्रहण की गई। ग्रुप की नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक महावीर-शकुंतला बिंदायका, संस्थापक अध्यक्ष- महावीर - लक्ष्मी बोहरा, अध्यक्ष - डॉ इन्द्र कुमार-स्नेह जैन, सचिव - नवल-सुनीता जैन, कोषाध्यक्ष-मुकेश-कल्पना शाह, संगठन सचिव सुनील-सीमा ठोलिया, आयोजन सचिव-महेश-सरला जैन को शपथ दिलाई गई। ग्रुप सचिव नवल जैन ने बताया कि कार्यक्रम के उत्तरार्ध में नारायणा हॉस्पिटल के डॉ देवेंद्र श्रीमाल ने हृदय रोग से बचाव व उपचार की जानकारी सरल भाषा मे प्रदान की के एवं मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉ वैभव माथुर ने न्यूरोलोजी विषय पर व्याख्यान दिया। नारायणा हॉस्पिटल के विकास शर्मा एवं परीश जैन ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपादित करवाया। अंत मे नव पदासीन अध्यक्ष डॉ इन्द्र कुमार जैन ने सभी का आभार ज्ञापित किया।



# वेद ज्ञान

## समरसता के लिए प्रेम आवश्यक

जीवन में सरसता के लिए प्रेम आवश्यक है। इसका संबंध मन से है। सांसारिक पदार्थों का इसमें कोई योगदान नहीं है। मन से अधिक ताकतवर कुछ भी नहीं है। इसकी चंचलता जीवन को अस्थिर करती है और मन का टिकना अनेक दुखों से बचाने वाला है। मन जब प्रेम से परिपूर्ण हो तब जीवन बदलने लगता है और आनंद की अवस्था प्राप्त होती है, किंतु प्रेम कर पाना जीवन का सबसे कठिन कर्म है। इसके लिए मन के सारे विकार त्यागने पड़ते हैं और इसे संवेगों से रहित और निर्मल बनाना पड़ता है। यह महान साधना है। कितने ही ऋषियों और मुनियों का सालों का जप-तप मन के चलते पलों में व्यर्थ चला गया। ज्ञानियों का ज्ञान, त्यागियों का त्याग मन की निर्मलता और प्रेम के बगैर निष्फल रहा। घर, परिवार और समाज त्यागने से नहीं, मन के विकार त्यागने से निर्मलता प्राप्त होती है। दूसरा सबसे बड़ा आधार है विश्वास। सारे संशय दूर हो जाएं, भ्रम मिट जाएं और मार्ग स्पष्ट दिखने लगे, तभी मन में विश्वास के बीज अंकुरित होते हैं। विकारों को त्यागने और विश्वास को धारण करने से ही मन में प्रेम की तरंगें उठने की स्थितियां बनती हैं। संसार में प्रेम को विभिन्न रूपों में देखा जा रहा है। माता और पिता से, संतान से, संबंधियों से, स्त्री और पुरुष से, धन, दौलत, शोहरत, शक्ति से प्रेम है, किंतु आवश्यक नहीं कि इनसे सदा आनंद की प्राप्ति हो और कभी दुख न सहना पड़े। अध्यात्म समस्त संबंधों को नाशवान और स्वार्थों पर आधारित मानता है। जब तक हित साधन हो रहा है तब तक संबंध हैं। हित पूरे न होने पर निकट से निकट संबंध भी बालू की भीति की तरह धराशायी हो जाते हैं। प्रेम का वास्तविक रूप परमात्मा से जुड़ने में है, जिसने सारे जीव पैदा किए हैं। जो सबका पिता है, उससे प्रेम का आनंद सदा बना रहने वाला और सुखदायक है। शुद्ध मन और अटूट विश्वास के साथ परमात्मा से प्रेम संबंध कायम करना ही उसे पाने का मार्ग है। इसके लिए भी उसकी कृपा चाहिए। मन में एक बार परमात्मा से प्रेम का रस पैदा हो जाए तो संसार के सारे रस फीके लगने लगते हैं और मन टिकने लगता है। ईश्वर स्वयं प्रेम स्वरूप है। अगर आप देखें तो यह समस्त प्रकृति भी प्रेम स्वरूप है।

# संपादकीय

## पड़ोसियों पर नाहक दखलंदाजी से बिगड़ रहा माहौल



चीन को एक ताकतवर देश के तौर पर देखा जाता है, लेकिन आए दिन उसकी जिस तरह की हरकतें सामने आती रहती हैं, उससे यही लगता है कि उसके भीतर विस्तारवाद की एक विचित्र भूख है, जिसकी वजह से वह समय-समय पर अपने आस-पड़ोस के देशों को परेशान करता और धमकाता रहता है। भारत को लेकर उसका रवैया किसी से छिपा नहीं है, जहां अरुणाचल प्रदेश से लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में वह नाहक ही दखलअंदाजी करने की कोशिश करता रहता है।



मगर इसके अलावा वह अपने अन्य पड़ोसियों पर भी धौंस जमाता रहता है या फिर उन्हें बिना किसी वजह से उकसाता रहता है। ताजा मामला ताइवान का है, जहां एक बार फिर चीन की सेना ने लगातार दो दिनों तक युद्धाभ्यास किया और एक तरह से ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि चीन की नौसेना के सत्ताईस जहाज और बासठ युद्धक विमान ताइवान की सीमा के बिल्कुल करीब आ गए थे। कहने को यह चीन का महज एक युद्धाभ्यास था, मगर ताइवान के चारों तरफ लगातार दो दिनों तक आसमान और समुद्र में इस तरह की आक्रामक और व्यापक स्तर पर की गई सैन्य गतिविधियों के जरिए चीन ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि उसकी सेना जहाजों और लड़ाकू विमानों से कैसे ताइवान को घेर सकती है। यों ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए चीन की ओर से इस तरह की हरकत कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले वह चालीस बार ताइवान में घुसपैठ की कोशिश कर चुका है। इस बार निशाने पर दरअसल ताइवान के नए राष्ट्रपति भी हैं, जिन्हें चीन अलगाववादी विचारधारा का समर्थक मानता है। विचित्र यह है कि ताइवान को चीन अपना अभिन्न इलाका मानता है और इसीलिए उस पर दबदबा कायम रखना चाहता है, जबकि ताइवान और वहां के लोग खुद को संप्रभु राष्ट्र मानते हैं। सवाल है कि चीन के भीतर वह कौन-सी भूख है जो उसको अपने विस्तृत भूभाग पर फैली एक बड़ी आबादी और शासन-क्षेत्र से भी पूरी नहीं हो पा रही है! माना जाता है कि जो वास्तव में शक्तिशाली होता है, उसे उसका प्रदर्शन करके दूसरों को धमकाने या डराने की जरूरत नहीं पड़ती। मगर ऐसा लगता है कि चीन के मामले में यह सच नहीं है।

# परिदृश्य

## गर्मी और आगजनी

ताप का असर चहुंओर दिखने लगा है। नौतपा के दिन शुरू हो गए हैं। माना जाता है कि सूर्य इन नौ दिनों में पृथ्वी के सबसे करीब आ जाता है। यह क्रम आगामी 2 जून तक चलेगा, पर जून के महीने में उत्तर भारत में गरमी से राहत की उम्मीद नहीं है। आगजनी की घटनाएं अचानक से बढ़ गई हैं। देश के अनेक शहरों में आगजनी के मामले कई गुना बढ़ गए हैं। इसी कड़ी में गुजरात के राजकोट में शनिवार को बहुत दुखद हादसा हुआ है। एक गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से कई बच्चों समेत 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। आग लगने का कारण जांच में चाहे जो भी सामने आए, पर इसमें मौसमी तापमान की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। गुजरात सरकार की ओर से मृतकों के परिजन को चार लाख और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा ही पर्याप्त नहीं है, जो लोग दोषी हैं या जिन लोगों ने आग से बचने के पूरे इंतजाम नहीं रखे थे, उनके प्रति कतई नरमी बरतने की जरूरत नहीं है। इधर दिल्ली में भी मुंडका इलाके में शनिवार को एक कार एसेसरीज फैक्टरी में ऐसी भीषण आग लगी कि बचाव कार्य के लिए रोबोट का इस्तेमाल करना पड़ा। फायर ब्रिगेड की 26 गाड़ियां भी मिलकर जल्दी आग नहीं बुझा पाईं। यहां भी आग का कारण तुरंत पता नहीं चला है, पर मौसम का असर साफ है। दरअसल, अनेक ऐसे कारखाने हैं, जहां गरमी के दिनों में भी काम को धीमा नहीं किया जाता है। चूंकि इन दिनों व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, इसलिए तमाम कारखाने दिन-रात काम कर रहे हैं और आगजनी जैसी दुर्घटना की आशंका बढ़ जा रही है। क्या ऐसे कारखानों को कम से कम दिन के समय रोका जा सकता है, जहां आगजनी की आशंका ज्यादा है? जहां बचाव के इंतजाम पूरे नहीं हैं, वहां तो विशेष रूप से दिन के समय काम रोक देने में ही भलाई है। ध्यान देने की जरूरत है, आगजनी की घटनाएं नोएडा में भी सामने आई हैं, और बाजारों में भी लोगों को सावधानी से रहना सिखाया जा रहा है। उधर, गुरुवार को ही महाराष्ट्र के डोंबिवली के औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। क्या इस रासायनिक कारखाने को भीषण गरमी के समय बिना सुरक्षा इंतजाम के चलाना जरूरी था? दरअसल, ऐसे मामलों में दोषियों को पर्याप्त सजा नहीं मिलती है, इसलिए औद्योगिक क्षेत्रों में आगजनी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वास्तव में, भीषण गरमी में आगजनी के इतने ज्यादा मामले हैं कि आप गिनते चले जाएंगे। इसके साथ ही चिंता की बात यह भी है कि बिजली की मांग बहुत बढ़ गई है। बड़े पैमाने पर वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल हो रहा है। मिसाल के लिए, दिल्ली में अब बिजली की मांग रिकॉर्ड 8,000 मेगावाट के पार चली जा रही है। नतीजा साफ है, जिस दिन मांग ने रिकॉर्ड तोड़ा, उस दिन राष्ट्रीय राजधानी में आगजनी के अनेक मामले सामने आए। अकेले एक शहर दिल्ली की शिकायतों पर गौर कीजिए, तो मई के पहले 20 दिनों में ही आग लगने की कॉल की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक, 2,280 तक पहुंच गई। दिल्ली का अनुभव यह बताता है कि आग लगने के पचास प्रतिशत से ज्यादा मामलों में विद्युत संबंधी गड़बड़ी या कोताही ही जिम्मेदार होती है।

# भामाशाह प्रकाश मूवाल ने बस स्टैंड जेरठी पर वाटर कुलर लगवाया



सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया

सीकर। जिले के जेरठी सुभाष नगर गांव के मुख्य बस स्टैंड पर रविवार को गांव के भामाशाह प्रकाश मूवाल ने अपनी माता स्व श्रीमती मंशी देवी पिता स्व भूतपूर्व सरपंच गोविन्दा राम मूवाल की याद में लोगों की परेशानी व भयंकर गर्मी को देखते हुए वाटर कुलर लगवाया जिससे यात्रियों व स्कूल विधार्थियों को इस भयंकर गर्मी में पिने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। उनके पड़पोते पार्थ ने पट्टिका का अनावरण व फिता काटकर शुरूआत की। आये हुए लोगों को लड्डू बांटे गए तथा ठंडा पिलाया गया। उन्होंने पक्षियों के लिए भी परिंडे लगाने का भी कहा। इस मौके पर मूलचंद मूवाल, रंजीत मूवाल, बद्री प्रसाद शेखावत, महेश रणवा, मनोज मूवाल , मुकेश काजला, शिशुपाल काजला, दातार सिंह, कुलदीप चौधरी, अनिल मूवाल, स्कूल के संस्था प्रधान महावीर फगेड़िया व अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का गायत्री नगर, महारानी फार्म में आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर गायत्री नगर,महारानी फार्म में रविवार को शिक्षण शिविर में भाग लेने वाले 08 वर्ष से ऊपर के बच्चो के द्वारा प्रातः 8.45 पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर,महारानी फार्म जयपुर में अभिषेक व पूजन करवाई तथा उनको श्रमण संस्कृति संस्कार, सांगानेर से आयी हुई देशना दीदी एवम आयुषी दीदी के द्वारा अभिषेक व पूजन के बारे में समझाया गया। इस कार्यक्रम में शिविर के 08 वर्ष से ऊपर की आयु वाले 43 बालक व बालिकाओं ने भाग लेकर प्रसन्नता से जैन धर्म व जैन धार्मिक संस्कारो को श्रद्धा पूर्वक सीखा। बच्चो को प्रोत्साहित करने का काम गायत्री नगर,महारानी फार्म की महिलाओं की संस्था मुनि संघ वैय्या वृति महिला समूह के द्वारा किया गया। अभिषेक व पूजन में भाग लेने वालों बच्चो को पूजन पश्चात नाश्ता करवाया और गिफ्ट भी प्रदान की। सायं 7.30 बजे संस्कार शिविर में भाग लेने वाले बालको/बालिकाओं द्वारा एक लघु नाटिका आचार्य विद्या सागर महा मुनिराज के संस्मरण/जीवन पर आधारित नाटिका का मंचन किया गया। नाटिका का निर्देशन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर से आयी हुई देशना दीदी द्वारा किया गया। गायत्री नगर जैन मंदिर के तलघर में खचाखच भरे हाल में उपस्थित सभी साधर्मी बंधुओ ने नाटिका की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजकगण- अरुण शाह, सुनीता काला, अनीता बड़जात्या, मुख्य संयोजिका, मन्जु जैन सेवावाले अध्यक्षा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति, जयपुर कैपिटल संभाग को बनाया गया है।

# संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में गुरु उपकार महा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री दिगंबर जैन नागौरी मंदिर जी कुचामन सिटी में सम्यकज्ञान शिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। जिसमे सांगानेर से पधारे विद्वान नमन भैया अर्पित भैया के द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर मे सुबह बच्चो द्वारा सामुहिक पूजन सभी वर्ग के लिए धार्मिक कक्षा संचालित की जा रही है। रात्रि मे धर्मग्रन्थो का स्वाध्याय कराया जाता है। शिविर में बच्चों मे धार्मिक संस्कारो का निर्माण हो रहा है।सुमन, विमल, विनोद, रिषभ झाझरी, अजित विरेंद्र सुरेश अमित सुनिता पहाड़िया, कैलाश पाडंया, अभिषेक पाटनी, प्रवीण पियांसु जैन बबीता बड़जात्या व समाज के पुरुष महिलाए बच्चे शिविर का लाभ ले रहे हैं।

# धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन हुआ भव्य समारोह के साथ





**टोंक. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महासमिति महिला आंचल राजस्थान के तत्वावधान में टोंक संभाग द्वारा आयोजित धार्मिक शिक्षण शिविर में करीब 400 बच्चों ने धर्म लाभ अर्जित किया। टोंक संभाग की कार्यकर्ता एवं जिला प्रमुख सरोज जैन ने बताया कि एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । मंत्री रेखा सोनी ने बताया कि समारोह में जयपुर से राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल जैन रिटायर्ड आईपीएस एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांड्या तथा राजस्थान महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका, सांस्कृतिक मंत्री सुलोचना पाटनी की गौरवमय उपस्थिति ने समारोह में चार चांद लगाए ।इस अवसर पर टोंक महिला कमेटी एवं संभाग ने एक जुट होकर बहुत ही शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# जेएसजी प्लेटिनम ग्रुप का दाना पानी पात्र योजना का शुभारंभ हुआ



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम के अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि सेवा कार्य के अंतर्गत पिछले दो वर्ष से दाना पानी पात्र को लगवाया जा रहा है जिसमे हर वर्ष 8 दाना पानी पात्र के साथ कुल 16 दाना पानी पात्र शहर के विभिन्न स्थानो पर लगवाए जा चुके है उसी कड़ी में इस वर्ष भी 8 दाना पानी पात्र शहर के 8 भिन्न भिन्न स्थानों पर लगाये जायेंगे ।इस वर्ष के दाना पानी पात्र का शुभारंभ ग्रुप के सभी सदस्यों के लिए रविवार, 26 मई 2024 को नीमच माता दर्शन बाय रोप वे कर के किया गया ।कार्यक्रम में सवेरे 6:30 बजे ग्रुप के लगभग 100 से अधिक सदस्य रोप वे अराइवल पॉइंट पर पहुंचकर नीमच माता दर्शन के लिए रवाना हुए। दर्शन के पश्चात ग्रुप की जनरल मीटिंग में ग्रुप की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई ।ग्रुप सचिव सुमित खाब्या द्वारा वर्ष 2024-25 में ग्रुप में जुड़े नए सदस्यों का परिचय करवा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष आशीष रलावत, उपाध्यक्ष तनुजय किकावत, सहसचिव लोकेश जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, पी आर ओ एडमिन हेमेंद्र जैन, कार्यकारिणी, ग्रुप सदस्यों व बच्चों सहित 100 से अधिक सदस्यो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अल्पाहार के पश्चयात सचिव सुमित खाब्या द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर 10 बी स्कीम मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में बालिका छात्रावास के सहयोग से एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के द्वारा आयोजित धार्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर 10 बी स्कीम मंदिर में आज शिविर के ग्यारहवें दिन अंशिका दीदी एवं मुक्ति दीदी ने सभी को बहुत ही सरलता से पढ़ाया ,साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार दिए गए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष निहाल चंद जैन एडवोकेट , मंत्री जितेंद्र जैन ने बताया कि यह शिविर हर वर्ष की भाँति सुचारु रूप से चल रहा है एवं बच्चे महिलाओं एवं पुरूषों जो कि विद्यार्थी के रूप में अध्ययन ग्रहण कर रहे हैं उनको बहुत अच्छा धार्मिक लाभ मिल रहा है।

# जैन बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने सीखा तीर्थंकरों की पूजा करना



**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। जैन समाज अम्बाह के बालक बालिकाओं को धार्मिक संस्कार सिखाने के लिए इन दिनों जैन मंदिर में आयोजित पूजन संस्कार शिविर में रविवार को कुमारी राजुल जैन के मार्गदर्शन में दो सो से अधिक बच्चे बच्चियों ने जैन तीर्थंकरों की पूजा अर्चना करने की विधि सीखी एवं धार्मिक ग्रंथो का अध्ययन भी किया। ज्ञात रहे कि समाज के बच्चों को धर्म संस्कृति के संस्कारों से प्रशिक्षित करने के लिए इन दिनों बाल संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान कुमारी राजुल जैन ने बताया कि जब बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ धर्म और संस्कृति की भी शिक्षा प्राप्त होगी तो बच्चे



भटकेंगे नहीं, मोबाइल के इस आधुनिक युग में आज आवश्यकता है कि हमारे बच्चे एवं युवाओं को अच्छे संस्कार धर्म और संस्कृति की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए जिससे वह भटके नही शिविर में बच्चों को भगवान का अभिषेक एवं पूजन करना सिखाया गया। शिविर में बताया गया कि बच्चों का मस्तिष्क मिट्टी के कच्चे घड़े के समान होता है इसलिए बच्चों को सही आकार में ढालना हम सभी का कर्तव्य है दैनिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक,नैतिक संस्कारों की शिक्षा उनके उज्जवल भविष्य के लिए अति आवश्यक है इसलिए शिविर में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा संस्कारों से सही आकार में ढालने का कार्य किया जा रहा हैं जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित होकर धर्म की शिक्षा का अध्ययन कर रहे हैं इसके साथ ही बच्चों में माता-पिता भी इस शिविर में सम्मिलित हो रहे है वही रविवार के आयोजन में श्रीमती रजनी जैन श्योपुर,श्रीमती ऊषा महेश जैन, श्रीमती मनुल मितेश जैन,श्रीमती रानी विजय कुमार जैन,श्रीमती गीता सतीश चंद्र चक्की वाले, श्रीमती शकुंतला देवी जैन सहित वीतराग शाशन बहू मंडल के सदस्यों ने विशेष सहयोग किया।

# श्री सकल दिगम्बर जैन समाज ब्यावर द्वारा मुनि 108 श्री अनुपम सागरजी महाराज संसघ को ब्यावर चतुर्मास के लिए श्री फल भेंट




अमित गोधा. शाबाश इंडिया

ब्यावर। सकल दिगंबर जैन समाज ब्यावर द्वारा भीलवाड़ा में विराजमान आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी के शिष्य मुनि 108 श्री अनुपम सागर महाराज संसघ को सकल दिगम्बर जैन समाज ब्यावर द्वारा महाराज जी का अघ बोलते हुए ब्यावर चतुर्मास हेतु श्री फल भेंट कर निवेदन किया



गया। इधर भीलवाड़ा समाज के सदस्यों ने ब्यावर समाज के सदस्यों का बड़े ही मनोभाव के साथ स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला मंत्री दिनेश अजमेरा शशिकांत गदिया कमल रांवका, मुकेश जैन राजकुमार गोधा अतुल पाटनी कल्पेश जैन श्रीपाल अजमेरा सुनील राँवका कमल जैन आनन्द गंगवाल जिनेंद्र फागीवाला पदम अजमेरा मनीष जैन चन्देश राँवका रमेश बाकलीवाल सहित श्री पार्श्वनाथ मन्दिर के अध्यक्ष संजय राँवका मारवाड़ी समाज के मंत्री नितिन छाबड़ा सहित सकल दिगम्बर जैन समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

# 500 परिंडे व 101 पक्षी दाना ट्रे बांटी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय की ओर से परिंडा महोत्सव के तहत 21वां कार्यक्रम जवाहर नगर, टूटी पुलिया के पास चंद्र इंडस्ट्रीज टूटी पुलिया में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जवाहर नगर क्षेत्र में 500 परिंडा व 101 पक्षी दाना ट्रे का वितरण किया गया। इस दौरान चंद्र मोहन खत्री और सौम्यता लोचन ने परिंडा के संभल की शपथ लोगों को दिलवाई ।मुख्य अतिथि जसपाल कौर रहे। कार्यक्रम में परिंडा महोत्सव प्रमुख प्रमोद चौरडिया पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन,अध्यक्ष अभय नाहर, संयोजक रवि खत्री,कार्यक्रम प्रमुख मोनिका ओझा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय जैन संघटना, सूरत द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नवसारी रेलवे स्टेशन पर 2 व्हील चेयरें प्रदान की गई




**सूरत. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन संघटना सूरत के तत्वावधान में तथा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति अहमदाबाद शाखा, नेहा चेरिटेबल ट्रस्ट, सूरत तथा साकेत ग्रुप, सूरत के अर्थ सहयोग से रविवार 26 मई को नवसारी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन डिप्टी एस एस कॉमर्शियल एम एल परमार, एस एस ऑपरेटिंग नेमीचंद सैन की उपस्थिति में दिव्यांग तथा असहाय यात्रियों के उपयोगार्थ 2 व्हील चेयरें प्रदान की गई।इस अवसर पर भारतीय जैन संघटना के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष प्रो डॉ संजय जैन, सूरत शाखा अध्यक्ष अजय अजमेरा व संस्थापक गणपत भन्साली मौजूद थे। ये उल्लेखनीय है कि बी जे एस द्वारा गत दिनों सूरत रेलवे स्टेशन पर 4 व उधना रेलवे स्टेशन पर 2 व्हील चेयरें प्रदान की गई थी। व वर्ष 2022 के सितम्बर माह में इस संस्था द्वारा दानदाता संस्थाओं के माध्यम से सूरत रेलवे स्टेशन पर 5 व्हील चेयरें प्रदान की गई थी।

# गोसेवार्थ कार्यक्रम में गायों को चारा खिलाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक कार्यक्रम की श्रृंखला मे जैन सोशल ग्रुप नार्थ के द्वारा पूर्व अध्यक्ष संजय - संगीता जैन के पिताजी प्रकाश चंद मौजमाबाद वालो की पुण्य स्मृति में रविवार 26 मई को दुगार्पुरा गौशाला मे गोसेवार्थ गायो को चारा खिलाया गया। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड ने बताया कि ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन के पिताजी का गत 21 मई को आकस्मिक निधन हो गया था उनकी स्मृति मे दुगार्पुरा गोशाला मे गोसेवार्थ गायो को चारा, गुड़ लड्डु, तरबूज आदि का भोजन करवाया। ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी एवं पूर्व अध्यक्ष संजय जैन एवं अभय गंगवाल ने ग्रुप के आगामी कार्यक्रम कूल कूल पुल पार्टी के ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस मोके पर ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी,पूर्व अध्यक्ष संजय जैन,अभय गंगवाल, कोषाध्यक्ष सुकेश काला एवं अजय जैन, प्रमोद पाटनी, पदम सोगानी, अंजना गंगवाल, नीति चाँदवाड, सपना काला लवी जैन आदि सदस्य उपस्थित थे।

# नेमीसागर कालोनी में परिण्डा वितरण किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रदेश में चल रही भीषण गर्मी से बेहाल मूक पक्षियों के लिए पूज्य आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के आशीर्वाद एवं सानिध्य में नेमीसागर कालोनी में घर घर परिण्डे बांधे गए। इस अवसर समारोह के मुख्य अतिथि हवामहल विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक बालमुकुंद आचार्य ने परिण्डे बांधे और कहा कि धर्म की रक्षा के लिए हमारी माताओं की जिम्मेदारी है कि वे बच्चो को उचित संस्कार देवे। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए माताओं बहनों को आगे आना होगा। उल्लेखनीय है की आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का इन दिनों नेमीसागर कालोनी में प्रवास हो रहा है। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन विमल पाटनी विकास पाटनी एवं परिवार द्वारा किया गया तथा श्रीमती रेखा जैन द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। अनिल जैन, प्रदीप निगोतिया द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया गया। सायंकाल में आर्यिका संघ के सान्निध्य में आनंद यात्रा आयोजित हुई एवं रात्रि में श्रमण संस्कृति संस्थान एवं महिला महासमिति द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में विदूषी अंशिका जैन एवं देवांशी जैन द्वारा बालबोध एवं द्रव्य संग्रह ग्रंथ का अध्ययन कराया गया।

# अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल के चुनाव सम्पन्न



**नीमच. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य श्री निपुण रत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब शांत क्रांत गच्छाधिपति परम पूज्य विजय राज जी महाराज साहब एवं राष्ट्रीय संत परम पूज्य कमल मुनि जी कमलेश महाराज के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच का वार्षिक अधिवेशन दिनांक 19.5.24 रविवार को श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर नीमच पर आयोजित किया गया जिसमें मंडल के सभी सदस्यों का अभिनंदन माला दुपट्टा एवं नवकार मंत्र का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। अधिवेशन में संस्थापक की अनुशंसा एवं सवार्नुमति से अध्यक्ष आशा सांभर उपाध्यक्ष डॉ के के जैन एवं अंजू संकलेचा सचिव जितेंद्र सकलेचा सहसचिव रानी राणा कोषाध्यक्ष रविन्द्र जैन वीरवाल एवं सह कोषाध्यक्ष निर्मला परमार को चुना गया। उसके पश्चात दिनांक 24.5.24 को अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए लालचंद बाफना किशोर मेहता व पारस कांठेड़ को वरिष्ठ मार्गदर्शक तथा सुभाष गोपावत सांवरमल कांठेड़ सुरेंद्र बम्ब माया वीरवाल सुलेखा श्रीमाल ममता गोपावत को संस्कार शिविर संयोजक बनाया गया । आगे कार्यकारिणी में मनोहर शंभू बम्ब प्रवीण जैन शोभाराम जैन अनील परमार शांति लाल पितलिया पारस भंडारी संजय बाफना को लिया गया। मंडल अध्यक्ष लालचंद बाफना एवं सचिव जितेंद्र सकलेचा ने जानकारी देते हुए कहा कि मंडल द्वारा अब नवकार मंत्र के जाप के साथ बर्ष में 4 से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं के लिए चार नवकार संस्कार शिविर आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष सचिव ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए भावना व्यक्त की कि मंडल आपके कार्यकाल में उत्तरोत्तर उन्नति प्राप्त करें।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर ग्रुप द्वारा पशु पक्षियों की रक्षा व सेवार्थ कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर द्वारा दिनाँक 26 मई को सदस्यों के सहयोग से सामाजिक एवं जीव सेवा की कड़ी में इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों की रक्षा के लिए दुर्गापुरा गौशाला में गायों को हरा चारा, लड्डू, तरबूज खिलाया। इस भीषण गर्मी में व्याकुल पक्षियों की रक्षार्थ हेतु ग्रुप के सभी सदस्यों को अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या द्वारा परिंडों का वितरण कर कहा कि परिंडों को घरों में लगाकर नियमित रूप से पानी डालें, पक्षियों की प्यास बुझायें। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या, संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन, सरंक्षक सुरेन्द्र पांड्या, निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज,सचिव महावीर मुन्ना पांड्या, कोषाध्यक्ष निर्मल उषा सेठी, सह सचिव राजेन्द्र छाबडा, प्रकाश कांता पाटनी, अशोक कुसुम जैन, रमेश गुणमाला गंगवाल, विनोद किरण झाँझरी, महावीर चांदुवाड, चेतन रेखा जैन, धर्मचंद शैलबाला, अन्नू पामेचा, प्रवीण उमा सेठी, प्रदीप छाबडा, मदन मंजू पांड्या, कर्नल महावीर रजनी जैन, अजय जैन, पदम सुशीला जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत मे सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट जलपान का लुत्फ उठाया। अंत में सचिव महावीर पांड्या ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया व आभार व्यक्त किया।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सरस्वती मंदिर में 67 वर्षों से रखी महावीर भगवान की हुई प्रतिष्ठा

## ज्ञानकल्याणक दिवस पर एक और अतिशय सिद्धक्षेत्र राजगिरी में ब्र. राकेश भैया मड़ावरा का हुआ संघ प्रवेश



**राजगृही. शाबाश इंडिया।** राजगिरी (राजगृह) एक ऐसी पावन धरा है जहाँ जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के गर्भ, जन्म, तप और केवलज्ञान चार कल्याणक सम्पन्न हुए, जहाँ पर मनोरम पंच पहाड़ी स्थित हैं जिस पर 24 तीर्थकर में से 23 तीर्थंकर भगवान समवशरण सहित आकर विराजमान हुए, अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना भी राजगृही के विपुलान्चल पर्वत पर ही खिरी थी। समय-समय पर यहाँ अनेक अतिशय भक्तों ने देखे हैं, इसी श्रृंखला में वैशाख शुक्ला दशमी को भगवान महावीर स्वामी के केवलज्ञान कल्याणक दिन एक और अतिशय श्रृद्धालु भक्तों को देखने को मिला कि जब प.पू. मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज (ससंघ) तीन दिन के प्रवास के दौरान पंचपहाड़ी की वंदना करके आगे विहार कर रहे थे तभी मुनिश्री, प.पू. वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज की प्रेरणा से निर्मित 'सरस्वती भवन' के अवलोकन करने पहुंचे, जहाँ समिति द्वारा 32 हजार से भी अधिक प्राचीन ग्रंथों का संग्रह किया गया है, उसको देखते हुए मुनिश्री की दृष्टि वहाँ विराजित एक भगवान महावीर स्वामी के जिनबिम्ब पर पड़ी जो कि लगभग 67 वर्ष पूर्व प्रतिष्ठित किये गये थे लेकिन किसी कारणवश विगत कई वर्षों से सरस्वती मंदिर में रख दिये थे। मुनिश्री ने सरस्वती मंदिर के प्रबंध से बात की कि यदि आप प्रतिमा का शुद्धीकरण करते हैं तो हम अभी आगे विहार नहीं करेंगे क्योंकि प्रतिमा पूर्णता योग्य है और इसकी पूजा-अर्चना मंदिर जी में होना चाहिए, उन्होंने भी ट्रस्ट कमेटी के मानद मंत्री पराग जैन से बात की और सहमति प्राप्त होने पर लघुपंचकल्याणक की भूमिका बन गई। यही बड़ा अतिशय रहा कि जो प्रतिमा वर्षों से उपेक्षित थी जिस पर धूल चढ़ रही थी, वह मुनिश्री के निमित्त से पुनः पूज्यता को प्राप्त हो गई, एक और अतिशय यह रहा कि एक काले पाषाण के 7 इंच के जिनबिम्ब (महावीर स्वामी की ही प्रतिमा) जो कि पुजारी द्वारा प्रक्षाल करते समय वेदी से नीचे गिर जाने के कारण लोगों ने उसे खण्डित मानकर अन्यत्र रख दिया था, मुनिश्री ने उसे भी देखा और सभी प्रकार से निरीक्षण / परीक्षण करके उसका भी शुद्धीकरण लघुपंचकल्याणक के रूप में करके परमात्मा के संस्कार देकर पूज्य बना दिया। प.पू. श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल शुभाशीष से कुछ ही घंटों में भूमिका बनी और प.पू.मुनि श्री सुप्रभसागर एवं प.पू. मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज ने एक ही दिन में दोनों प्रतिमाओं के लघुपंचकल्याणक करते हुए युगल जिनबिम्व को भगवत्ता की संज्ञा प्रदान कर दी। राकेश भैया जी, मड़ावरा (उ.प्र.) का हुआ संघ प्रवेश - प.पू. मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ अपने गुरु की आज्ञा के एवं आशीर्वाद लेकर श्री सम्मेद शिखर एवं पंचतीर्थ की वंदना हेतु उज्जैन (म.प्र.) से पिछला वषायोग करके मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से पद विहार करते हुए लगभग 1500 किमी. की यात्रा के साथ श्री सिद्धक्षेत्र राजगृही पहुँचे, जहाँ पंच पहाडी की वंदना के उपरांत लघुपंचकल्याणक के समय ब्र. राकेश भैया, मडावरा (उ.प्र.) के बार-बार निवेदन पर गुरु के आशीर्वाद से आज उन्हें भी संघ प्रवेश की स्वीकृति एवं वस्त्र परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर दी।

# श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर द्वारा संचालित धार्मिक शिक्षण शिविर का आज होगा समापन



## 1जून को बिड़ला आडीटोरियम में होगा भव्य सम्मान समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर के अंतर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के उत्कृष्ट त्याग व तपस्या को समर्पित ₹उपकार महोत्सव₹ के रूप में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन 15 मई से 30 मई तक जयपुर शहर के 46 दिगंबर जैन मंदिरों में किया जा रहा है। संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री श्रीमती शीला जैन डोडया ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन जयपुर के 46 मंदिरों में 30 मई तक चलेगा। आचार्य श्री के प्रति विनयांजलि प्रकट करने के लिए सभी शिविर सेंटरों पर आचार्य श्री के जीवन व संस्मरणों पर आधारित लघु नाटिकाओं का भी आयोजन किया जा रहा है। निर्देशिका डॉक्टर वंदना जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के 8 विद्वान और संत सुधा सागर बालिका महाविद्यालय की 69 विदुषियां एवं 52 स्थानीय विद्वान व 160 महिला पुरुष संयोजकों द्वारा शिविर में बाल बोध प्रथम भाग, द्वितीय भाग, तृतीय भाग, छहढाला, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, भक्तामर आदि ग्रंथ पढ़ाए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष नीना पहाड़िया ने बताया कि इन शिविरों में 3 साल से लेकर 85 साल तक के सभी उम्र के 2000 से अधिक बच्चे ,पुरूष महिलाएं धार्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बच्चों को विशेष तौर पर खेल-खेल में जैन धर्म की शिक्षाएं दी जा रही है। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल ने बताया की इन शिविरों में बच्चों को अभिषेक, पूजन प्रशिक्षण आदि धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ अर्हम योग, भावना योग के माध्यम से जीवन के नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों की भी शिक्षा दी जा रही है। इसके अलावा बच्चों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है ''जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता'', 'चित्रकला प्रतियोगिता' धार्मिक अंताक्षरी प्रतियोगिता। शिविर प्रभारी विनीता जैन बोहरा ने बताया कि कि शिविर में दिनांक 27 मई तक क्लासेस होगी, 28 मई को सभी शिविर सेंटर पर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। 29 तारीख को सभी का रिजल्ट देकर शिविर सेंटर पर समापन किया जाएगा। प्रत्येक सेंटर पर प्रत्येक विषय में प्रथम आने वाले शिविरार्थियों की 30 मई को सुबह 7:30 बालिका छात्रावास में 'रत्नाकर पुरस्कार के लिए परीक्षा' ली जाएगी। श्रमण संस्थान की नींव आदरणीय स्वर्गीय पंडित रतनलाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार दिया जाता है जिसमें प्रत्येक विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों को 2100 रु नगद राशि के साथ शील्ड भी दी जाती है। शिविर का सामूहिक समापन शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 1 जून को भव्यतम तरीके से बिरला ऑडिटोरियम में शाम को 7:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी शिविरार्थियों, विद्वानों , विदुषियों, संयोजकों का सम्मान कर सभी का आभार प्रकट किया जाएगा।

# बच्चों को संस्कारवान बनाने में करें ग्रीष्मावकाश का उपयोग : बाबेल



## आठ दिवसीय धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर का समापन समारोह

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा की प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल ने प्रान्तीय पदाधिकारियों के साथ उदयपुर में श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी आयोजित किया गया। मण्डल की मार्गदर्शिका श्रीमती रजनी डांगी ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान शाखा के अध्यक्ष निर्मल पोखरना, प्रान्तीय महिला शाखा अध्यक्ष नीता बाबेल, रजनी डांगी एवं पिंकी माण्डावत थे। समारोह में जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल ने कहा कि हमे भगवान महावीर के दर्शन के अनुरूप जैन संस्कार देने में ऐसे धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर अहम भूमिका निभा रहे है। ग्रीष्मावकाश के समय का बच्चों के लिए इससे बेहतर उपयोग नहीं हो सकता है कि हम इसके माध्यम से अपने धर्म को जाने ओर सीखे। धर्म के साथ हमारी अभिरूचियों को भी विकसित करने में ऐसे शिविर उपयोगी सिद्ध हो रहे है।उन्होंने कहा कि हमारे बच्चें सुसंस्कारित होकर ही देश के आदर्श नागरिक ओर जिनशासन के आदर्श श्रावक-श्राविका बन सकते है। उन्होंने शिविर आयोजक श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान को हार्दिक साधुवाद अर्पित किया जिन्होंने ग्रीष्मावकाश को सार्थक बनाने के लिए इस तरह का आयोजन किया। शिविर में धार्मिक अध्ययन कराने के साथ बच्चों को निरोगी काया रखने के लिए योग करने ओर अभिरूची विकसित करने के लिए डांस ओर क्राफट सीखने का भी अवसर प्राप्त हुआ। श्रीमती बाबेल ने कहा कि जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा भी बच्चों को संस्कारवान बनाने के लक्ष्य से संचालन करने वाली संस्थाओं को सहयोग प्रदान कर रही है और सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्री भूरालाल सौभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा की ओर से शिविर में बच्चो को 300 कॉपिया,पेंसिल, रबड़, शॉपनर आदि सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि संस्कार शिविर ओर पाठशालाएं हमारे जैनत्व की नींव को मजबूती प्रदान करने में सहायक साबित हो रही है। अतिथियों का स्वागत संस्थान की अध्यक्ष संध्या नाहर एवं मंत्री इन्द्रा चौरड़िया ने किया। शिविर के समापन पर शिविरार्थी बच्चों ने धार्मिक भावना से ओतप्रोत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सराहना प्राप्त की। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से शिविर में आठ दिन में क्या सीखा इसकी झलक भी प्रस्तुत की गई।

# मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का अवधपुरी कॉलोनी में मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया**

27 मई सोमवार को मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश ढोल-नगाड़ों के साथ जयकारें लगाते हुए अवधपुरी कॉलोनी में हुआ। इससे पहले उपाध्याय श्री के मंगल सानिध्य में कलाकुंज के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में प्रभु की शांतिधारा संपन्न कराई गई। उपाध्याय संघ का दो दिन का मंगल प्रवास कलाकुंज शैली में रहा। मंगल प्रवास के दौरान बच्चों, युवा,महिला,एवं बुजुर्गों में विशेष हर्ष एवं उल्लास के साथ भक्ति का माहौल था। अवधपुरी कॉलोनी में मंगल प्रवेश करते ही वात्सल्य सेवा समिति की अध्यक्ष रश्मि जैन के आवास पर उपाध्याय संघ की भव्य आगवानी करते हुए पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती की गई। मंगल विहार यात्रा में सबसे आगे आगम जैन एवं अक्षत जैन वात्सल्य सेवा समिति का बैनर लेकर चल रहे थे। और सभी भक्तजन,जैन शासन का केसरिया ध्वज लेकर जयकारें गुरुदेव का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शुभम जैन मीडिया प्रभारी के निवास पर भी उपाध्याय संघ का स्वागत एवं पाद प्रक्षालन किया गया। वात्सल्य सेवा समिति की मंत्री करुणा जैन के आवास 69 पुष्पांजलि फेस -3 अवधपुरी कॉलोनी पर मंगल विहार का समापन हुआ और उन्हीं के आवास पर उपाध्याय संघ की नवधापूर्वक आहारचर्या संपन्न हुई। सायः6:30 बजे उपाध्याय संघ की गुरुभक्ति करुणा जैन के निवास स्थान अवधपुरी कॉलोनी पर ही आयोजित की गई। उपाध्याय श्री के मंगल प्रवेश के दौरान बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री ससंघ का मंगल प्रवास 28 मई तक वात्सल्य सेवा समिति की मंत्री करुणा जैन के आवास अवधपुरी कॉलोनी पर ही रहेगा। इस अवसर पर मंगल प्रवेश में कलाकुंज जैन मंदिर के अध्यक्ष रविंद्र जैन,आशु जैन भगत, मनोज जैन,विवेक जैन,अजय जैन, इंद्रप्रकाश जैन,राकेश जैन,मंयक जैन, संजीव जैन,नरेंद्र जैन,राजा जैन,पीयूष जैन,रश्मि जैन रतिभा जैन, रीता जैन, मानवी जैन,रागिनी जैन,हेमलता जैन, ट्विंकल जैन,पुष्पा जैन,कविता जैन, रिंकी जैन,सुनीता जैन, समस्त कलाकुंज जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# विदुषी डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव सम्मानित हुई ऋषभांचल पुरस्कार से

**गाजियाबाद. शाबाश इंडिया**

मेरठ रोड गाजियाबाद में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री ऋषभांचल स्थापना दिवस, ऋषभदेव एवं ऋषभांचल पुरस्कार समर्पण समारोह परम श्रद्धेया अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी बाल ब्रह्मचारिणी माँ श्री कौशल जी के सानिध्य एवं आशीर्वाद से 26 मई 2024 को सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय -अंतर्राष्ट्रीय रूप में जैनधर्म का प्रतिनिधित्व करने , जैनधर्म- दर्शन- संस्कृति, प्राकृत-अपभ्रंश, संस्कृत-हिन्दी भाषा,ब्राह्मी लिपि, शाकाहार तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन में निरंतर अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एवं नवीन संसद भवन के भूमि पूजन-उद्घाटन समारोह में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जैनधर्म का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने के लिए जैनदर्शन के प्रसिद्ध विद्वान प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी की सुपुत्री एवं समाज सेवी राकेश जैन की जीवन संगिनी, जिनधर्म रक्षक की संस्थापिका डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव को ऋषभांचल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ. सुधीर कुमार जैन,स्वागताध्यक्ष प्रदीप जैन, अध्यक्ष अतुल जैन,कार्याध्यक्ष जीवेन्द्र जैन ,पुरस्कार प्रदाता एवं उपाध्यक्ष हेमचंद जैन,महामंत्री आर.सी.जैन एवं मुकेश जैन, विद्वान- प्रो. वीरसागर जैन, प्रतिष्ठाचार्य जय कुमार निशांत, स्वदेश कुमार जैन ,राकेश जैन, पुनीत जैन,सुधीर जैन,अनिल जैन, वीजेंद्र जैन आदि ने माँ श्री कौशल जी के सानिध्य में डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव को प्रशस्ति पत्र एवं 21 हजार की सम्मान राशि प्रदान करके ऋषभांचल पुरस्कार से सम्मानित किया । डॉ. इन्दु ने अपने वक्तव्य में जैन समाज का आभार व्यक्त किया और प्राप्त हुई 21 हजार सम्मान राशि में अपनी ओर से 21 हजार और मिलाकर 42 हजार रुपए जिनधर्म प्रभावना के लिए समर्पित करने की घोषणा की।



## धार्मिक प्रकोष्ठ चेयरमैन बने डॉ. बी.सी. जैन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महासमिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राजस्थान अचंल के धार्मिक मंत्री एवं जैन पाठशाला के निदेशक डॉ. भागचंद जैन जयपुर को राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक प्रकोष्ठ चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ. जैन विगत 15 वर्षों से राजस्थान अचंल के माध्यम से प्रतिवर्ष सामूहिक धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। दश वर्षों से जयपुर में 40 तथा जयपुर के अतिरिक्त देश के अनेक शहरों में साप्ताहिक जैन पाठशालाओं का संचालन कर लगभग तीन हजार बच्चों को संस्कारित करने का कार्य अपनी पूरी टीम के साथ कर रहे हैं। आपके द्वारा लिखी गई संस्कृत एवं हिन्दी विषय की पाठ्य-पुस्तकें सी.बी.एस.ई बोर्ड के स्कूलों के पाठ्यक्रम में चलाई जाती हैं।

## नेमीसागर कालोनी में चल रहे शिक्षण शिविर का अवलोकन किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेमीसागर कालोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान के अंतर्गत श्री संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित दिग्म्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से 15 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 27 मई को शिविर का अवलोकन श्री संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्रि एवं राष्ट्रीयअध्यक्ष श्रीमती शीला ड्योडा द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शीला ने शिविर के उद्देश्यों के बारे मे बताया की किस तरह कृत कारत अनुमोदना द्वारा हम धर्म की प्रभावना को आगे तक ले जा सकते है। शिविर संयोजिका मंजू सेठी, अर्चना निगितिया, पूजा जैन एवं बबिता जैन द्वारा शीला ड्योडा तथा आगंतुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि समिति द्वारा कालोनी में लगाए गए इस शिविर में लगभग 60 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे है। इससे पूर्व प्रातःकाल में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में धर्मसभा आयोजित हुई, जिसमे पूर्व जिला न्यायाधीश के सी जैन द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया एवं श्रीमती रचना गोयल द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। प्रदीप निगोतिया द्वारा अगंतुको का स्वागत किया गया एवं अनिल जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल ने निशात बाग श्रीनगर मे एक पुष्प व्यवसाई महिला को बड़ी छतरी (केनोपी) भेंटकर राहत प्रदान की

**श्रीनगर, कश्मीर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल वागड़ जोन ने जम्मु कश्मीर राज्य मे श्रीनगर के निशातबाग मे एक पुष्प व्यवसाई महिला को सुकून की छाया प्रॉजेक्ट के तहत धूप, वर्षा एवम गर्मी से बचाने एक बडा छाता (केनोपी) भेट कर राहत प्रदान की। आयोजन की अध्यक्षता वागड़ जोन डूंगरपुर बांसवाड़ा चेयरमैन पृथ्वीराज जैन ने की तथा मुख्य अतिथि गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया थे। आयोजन मे कोठिया ने कश्मीर के लोगो को महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी। महावीर इंटरनेशनल के सेवा प्रॉजेक्ट सुकून की छांव पर वहा उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर आश्चर्य भी किया की सेवा का ऐसा स्वरूप भी हो सकता है। आयोजन मे कुसुम कोठिया, पुष्पा जैन, संगीता जैन, गिरीश जैन, राजेश जैन, शांतिलाल जैन,शकुंतला जेन, अनिल जैन कनबा, अजित नागदा, अंशुमाला जैन सहित कई अष्टापद यात्रियों ने हिस्सा लिया। संचालन अजीत कोठिया ने किया , आभार पृथ्वीराज जैन ने व्यक्त किया।

## धर्म के ज्ञान से ही कुल का नाम रोशन करेंगे छात्र छात्राएं

### श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई के तत्वावधान में दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर एवं शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर जिनालय में श्रमण संस्कृति सम्यक ज्ञान शिविर श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा आयोजित शिविर 23 मई से 30 मई में तक नियमित रुप से संचालित है। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि विद्वान पंडित सर्वज्ञ शास्त्री एवं पण्डित सर्जन शास्त्री द्वारा 35 बच्चों को शिविर मे धर्म का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिन्हें प्रतिदिन सायंकाल संस्कार शिविर में एवं शास्त्र सभा में प्रतिदिन स्वाध्याय करके धर्म के ज्ञान से बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रातःकाल पूजन में विद्वानों द्वारा अर्थ बताया जाता है। छोटे-छोटे बच्चों में शिविर में धर्म की क्रियाओं के साथ-साथ आध्यात्मिक व्यवहार परिवार में रहना बोलचाल की भाषा शिष्टाचार आदि का ज्ञान भी कराया जा रहा है। शिविर के माध्यम से बच्चों ने बताया कि 24 भगवान के नाम व चिन्ह मेरी भावना प्रभु पतित पावन आदि का पाठ हम बिना पुस्तक के बोल सकते हैं। शिविर में त्रिलोक सिरस सत्यनारायण मोठूका जितेश गिन्दोडी महावीर सोगानी अंजना जैन मंजू काला नीतू जैन पूर्णिमा गंगवाल नवीन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मंदिर शक्ति नगर में धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री 1008 श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मंदिर शक्ति नगर मे चल रहें धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह बडे.ही उत्साह से और सादगीपूर्ण तरीके से किया गया। मंदिर के अध्यक्ष शिखरचंद व मंत्री पारस जैन गहनौली तथा उपस्थित समाज बन्धुओ ने सभी बच्चों को गिफ्ट और प्रमाणपत्र भेंट किए। शिविर संयोजिका आशा अग्रवाल,सुनीता अजमेरा, मीनू गंगवाल, अंकिता बिलाला, बरखा गोधा ने पूरे कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर सुव्यवस्थित संचालित किया। प्रतिदिन बच्चों को पारितोषिक एवं अल्पहार की व्यवस्था समाज बन्धुओ द्वारा की गई। अल्पाहार की व्यवस्था विमल भौंच और अश्विनी शाह की तरफ से थी। समारोह में तीनों दीदियों का सम्मान भी किया गया। बच्चो को समाज की तरफ उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मीनू गगंवाल व मंत्री पारस जैन गहनौली द्वारा मंच संचालन किया गया। उपस्थित सभी समाज बन्धुओ ने शिविर की व्यवस्थाओ के लिए शिविर संयोजक मंडल एवं मंदिर समिति की आभार व्यक्त किया।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति का गेट टू गेदर कार्यक्रम संपन्न

## गर्मी के मौसम में सदस्यों ने लिया स्विमिंग का आनंद, जयपुर बाग के ए सी हॉल में हुआ भव्य समारोह










जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति का गेट टू गेदर मनोरंजक कार्यक्रम रविवार, 26 मई 2024 को सायकाल 3 बजे से जयपुर बाग गांधी पथ वैशाली नगर जयपुर पर गर्मी के मौसम को देखते हुए स्विमिंग पूल पर मनोरंजक गेम्स के साथ आयोजित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका ने बताया कि कार्यक्रम समन्वयक दिलीप - प्रमिला पाटनी, कमल - मंजू ठोलिया, सयोजक पंकज - नीना पाटनी तथा राकेश - नीरा लुहाड़िया द्वारा अथक परिश्रम से तैयार गेम्स कार्यक्रम में खिलाए जिसका सदस्यो ने भरपूर आनंद लिया। ग्रुप अध्यक्ष मनीष शोभना लोंग्या व सचिव राजेश - रानी पाटनी ने बताया कि श्रीमती समता गोदिका द्वारा बनाई आईपीएल हाऊजी ग्रुप उपाध्यक्ष चक्रेश जैन व संजय छाबड़ा ने सभी को बहुत ही मजेदार अंदाज में खिलाई। ग्रुप उपाध्यक्ष संजय छाबड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति छाबड़ा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। श्रीमती ज्योति छाबड़ा ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर सभी गेम्स के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सदस्यो ने गर्मी के इस मौसम में स्विमिंग कर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल जयपुर बाग रेस्टोरेंट द्वारा दी गई भोजन व्यवस्था स्वादिष्ठ व व्यवस्थित थी। सभी सदस्यो ने उसका भरपूर आनंद लिया। सभी सदस्यो को ग्रुप द्वारा प्रकाशित स्मारिका भेट की गई। अंत में चाय काफी व आइसक्रीम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।